भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *32**
**21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

**सेलम इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण**

*32 **श्री टी आर बालू :**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सेलम इस्पात संयंत्र की क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण की योजना बना रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित निवेशों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्टेनलेस स्टील के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**''सेलम इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण'' के संबंध में श्री टी. आर. बालू, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए प्रस्तुत किए गए लोक सभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *32 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की एक इकाई, सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी) की इस्पात पिघलाने की क्षमता 1.8 लाख टन और रोलिंग क्षमता 3.6 लाख टन प्रति वर्ष है। एसएसपी में मौजूदा क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है। सेल ने प्रचालन दक्षता और दीर्घकालिक स्थिरता में सुधार लाने के उद्देश्य से कई उपाय किए हैं, जिनमें क्षमता उपयोग में सुधार, प्रचालन दक्षता बढ़ाना, कच्चे माल और विद्युत की खपत का इष्टतम प्रयोग करना और मूल्यवर्धित स्टेनलेस स्टील उत्पादों पर जोर देते हुए उत्पाद मिश्रण को युक्तिसंगत बनाना शामिल है। सेल स्टेनलेस स्टील की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बिक्री को बढ़ावा देने के लिए अपनी विपणन संबंधी रणनीति को सुव्यवस्थित कर रहा है।

*****